Press Release

31.07.2024

डॉ. संतोष कुमार सुमन
राष्ट्रीय अध्यक्ष हम (से0) सह मंत्री, बिहार सरकार

जाति पूछना बुरा, तो कांग्रेस देश में जातीय जनगणना की मांग करना छोड़ दे
- डा. संतोष कुमार सुमन

....

- राहुल गाँधी को ओबीसी समुदाय के प्रधानमंत्री मोदी से नफरत

पटना। बिहार के सूचना प्रावैधिकी एवं लघु सिंचाई मंत्री डा.संतोष कुमार सुमन ने कहा कि राहुल गाँधी एक ओर 140 करोड़ लोगों की जाति पूछ कर जातीय जनगणना कराना चाहते हैं और दूसरी ओर उनकी पार्टी अपने नेता (राहुल गाँधी) की जाति पूछने का विरोध कर रही है।

उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस का दोहरा चरित्र है। वे जातियों के हितैषी नहीं, बल्कि जाति के नाम पर देश में नफरत और हिंसा फैलाना चाहते हैं।

डाक्टर सुमन ने कहा कि यदि राहुल गाँधी को जाति पूछना बुरा लगा है, तो वे जातीय जनगणना की मांग को पार्टी के एजेंडा से हटाने की हिम्मत दिखाएँ।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से आरक्षण विरोधी रही है और वह प्रधानमंत्री मोदी पर केवल इसलिए हमलावर है कि वे ओबीसी समुदाय से आते हैं और उनकी सरकार में दलित, पिछड़ा, अतिपिछड़ा, आदिवासी - हर समुदाय को भागीदारी भी मिली है।

डाक्टर सुमन ने कहा कि जाति पूछने वाले भाषण का समर्थन करने पर प्रधानमंत्री के विरुद्ध विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव की नोटिस देना कांग्रेस का बौद्धिक दिवालियापन है।

उन्होंने कहा कि हलवा सेरेमनी में शामिल अफसरों की जाति राहुल गाँधी ने पूछी थी , लेकिन जब इसके जवाब में एनडीए के सांसद ने उनकी जाति पूछ ली, तो उन्हें बुरा क्यों लगना चाहिए?